प्रिय अभिभावकों,

जैसा आप सभी को ज्ञात है की **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने बच्चो, किशोर एवं किशोरियों के स्वास्थ्य को बेहतर करने हेतु एनीमिया मुक्त भारत (ए.एम.बी) कार्यक्रम** शुरू किया है। जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चों सहित विभिन्न लक्षित समूहों/आयु वर्ग में कम हीमोग्लोबिन स्तर (एनीमिया) की समस्या का समाधान करना है।

सरकारी निर्देशों के अनुसार, हमारा विद्यालय इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल का समर्थन कर रहा है, कार्यक्रम के अंतर्गत: **कक्षा**........... **से** .............. तक के छात्रों के लिए साप्ताहिक आईएफए अनुपूरण (आईएफए सप्लीमेंट) प्रदान करना ताकि **बच्चों का आयु-उपयुक्त शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित हो सके और शैक्षणिक प्रदर्शन तथा पाठ्येतर गतिविधियों में सुधार हो सके। सरकार द्वारा प्रदान की गई इस दवा की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया है और इसे सुरक्षित पाया गया है।**

आयरन और विटामिन सी से भरपूर आहार के साथ **आयु-उपयुक्त आईएफए अनुपूरकों (कक्षा 1-5 के बच्चों के लिए आईएफए पिंक और कक्षा 6-12 के किशोरों के लिए आईएफए ब्लू टैबलेट)** का साप्ताहिक सेवन हमारे बच्चों को एनीमिया मुक्त रहने में मदद कर सकता है। बेहतर स्वास्थ्य जागरूकता के लिए बच्चों की वार्षिक रक्त जाँच कराने की भी सलाह दी जाती है।

बहुत कम बच्चों में, आईएफए सप्लीमेंट के कुछ मामूली दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जैसे काला मल, मतली, उल्टी और हल्का पेट दर्द। **लेकिन चिंता न करें, ये सामान्य हैं और आईएफए टैबलेट के नियमित सेवन से ठीक हो जाएँगे।** किसी भी बच्चे को यह सप्लीमेंट नहीं दिया जाएगा अगर वह बीमार है या इसे लेने को तैयार नहीं है। यदि आपको कार्यक्रम के बारे में कोई प्रश्न हैं, तो आप कक्षा शिक्षक/प्रधानाध्यापक से बात कर सकते हैं या अधिक जानकारी के लिए **www.NHM.gov.in** पर जा सकते हैं।

हम एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए आपके बच्चे को आईएफए सप्लीमेंट कार्यक्रम में भाग लेने की अनुमति देने के लिए आपकी सहमति का अनुरोध कर रहे हैं।

अपने बच्चे के स्वास्थ्य और बौद्धिक विकास को प्राथमिकता देने में हमारा समर्थन करने के लिए धन्यवाद।
भवदीय,
[विद्यालय का नाम/प्राधिकरण]

कृपया अपनी समझ और सहमति दर्शाने के लिए नीचे हस्ताक्षर करें

अभिभावक का नाम................................................ दिनांक................................................

